रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-05012023-241706
CG-DL-E-05012023-241706

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 05] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जनवरी 5, 2023/पौष 15, 1944
No. 05] NEW DELHI, THURSDAY, JANUARY 5, 2023/PAUSHA 15, 1944

वास्तुकला परिषद्

(भारत सरकार का एक संवैधानिक प्राधिकरण)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 सितम्बर, .2022

वार्षिक प्रतिवेदन 2021–2022

फा. सं. सीए/55/2022/वार्षिक प्रतिवेदन.—वास्तुविद् अधिनियम 1972 के अधीन स्थापित वास्तुकला परिषद् को 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक प्रतिवेदन और खातों के लेखापरीक्षित विवरण प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

परिषद् भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के अधीन कार्यरत है और देश में वास्तुकला शिक्षा एवं व्यवसाय के लिए नियामक निकाय है।

सांगठनिक संरचना :
वास्तुकला परिषद् के अध्यक्ष संगठन के प्रमुख हैं जिनके समग्र नेतृत्व में परिषद् कार्य करती है। वास्तुविद हबीब खान परिषद् के अध्यक्ष तथा वास्तुविद सपना उपाध्यक्ष हैं। वास्तुकला परिषद् के रजिस्ट्रार परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।

संवैधानिक और अन्य समितियां :
अधिनियम के उद्देश्यों को पूरा करने के क्रम में केंद्र सरकार ने नियमावली बनाई है और परिषद् ने अपने कर्तव्यों व कार्यों के निर्वहन के लिए विनियम बनाए हैं तथा विभिन्न समितियों का गठन किया है। कार्यकारिणी समिति परिषद् के कार्यकारी प्राधिकरण के रूप में कार्य करती है। अनुशासन समिति शिकायतों की जांच करती है और वास्तुविदों के विरुद्ध पेशेवर कदाचार

संबंधी आरोपों की जांच करती है। सलाहकार समिति (अपील) उन आवेदकों की अपील सुनती है, जिनके आवेदन पंजीकरण हेतु रजिस्ट्रार द्वारा अस्वीकार कर दिए जाते हैं। इनके अतिरिक्त, यहां अनेक अन्य समितियां हैं जो विशेष कार्य/विशिष्ट प्रयोजनों को पूरा करने के लिए समय–समय पर संस्थापित की जाती हैं।

इसके अतिरिक्त, परिषद् ने वास्तुकला में स्नातक उपाधि व वास्तुकला में स्नातकोत्तर उपाधि प्रदान करने के लिए संस्थानों से प्राप्त प्रस्तावों/आवेदनों की जांच करने के लिए एक जांच समिति का भी गठन किया है।

परिषद् की 01.04.2021 से लेकर के 31.03.2022 तक संपन्न हुईं विभिन्न गतिविधियों के विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत हैं :

1. बैठकें :

परिषद् की बैठकें :
प्रतिवेदनाधीन वाले वर्ष के दौरान परिषद् की दो बैठकें संपन्न हुई थीं, अर्थात् 28 व 29 अगस्त 2021 को 75वीं बैठक और 26 फरवरी 2022 को 76वीं बैठक संपन्न हुई। कोविड 19 महामारी के कारण दोनों बैठकों का संचालन हाईब्रिड (ऑनलाइन और ऑफलाइन) माध्यम से हुआ।

कार्यकारी समिति की बैठकें :
प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान कार्यकारी समिति की 16 बैठकें संपन्न हुई थीं, जिनके विवरण निम्नानुसार हैं :

क्रमांक	बैठक संख्या	दिनांक	माध्यम
1.	227वीं बैठक	09 अप्रैल, 2021	ऑनलाइन और ऑफलाइन
2.	228वीं बैठक	30 जून 2021, 1 व 2 जुलाई 2021	ऑनलाइन
3.	229वीं बैठक	22, 23, 24, 27 व 28 जुलाई 2021	ऑनलाइन
4.	230वीं बैठक	5 व 8 अगस्त 2021	ऑनलाइन
5.	231वीं बैठक	18, 19 व 20 अगस्त 2021	ऑनलाइन
6.	232वीं बैठक	27 अगस्त 2021	ऑनलाइन
7.	233वीं बैठक	5 सितंबर 2021	ऑनलाइन
8.	234वीं बैठक	17 अक्टूबर 2021	ऑनलाइन
9.	235वीं बैठक	2 दिसंबर 2021	ऑफलाइन
10.	236वीं बैठक	25 फरवरी 2021	ऑफलाइन

2. वास्तुविदों का पंजीकरण :
परिषद् अधिनियम की धारा 25 के तहत उस व्यक्ति को वास्तुविद् के रूप में पंजीकृत करती है जो भारत में निवास करता है या वास्तुविद का व्यवसाय करता है और जिसके पास वास्तुकला की मान्यताप्राप्त योग्यता है। पंजीकरण करने हेतु आवेदन तथा शुल्क ऑनलाइन के साथ ही साथ ऑफलाइन माध्यम से भी जमा किए जा सकते हैं।

प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान परिषद् ने 13047 योग्य व्यक्तियों को वास्तुविदों के रूप में पंजीकरण प्रदान किया है। इसके साथ ही 31 मार्च 2022 तक कुल 148569 वास्तुविदों को वास्तुविदों के रूप में पंजीकृत किया जा चुका है। दिनांक 31.03.2022 के अनुसार वैध पंजीकरण धारक 1,18,001 वास्तुविदों का राज्यवार विवरण निम्नानुसार है :

क्रमांक	राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के नाम	01.04.21 से 31.03. 2022 तक की अवधि में पंजीकृत वास्तुविद	31.03.2022 को वैध नवीनीकरण के साथ सक्रिय वास्तुविद
1.	अंडमान एवं निकोबार	2	42
2.	आंध्र प्रदेश	254	1765
3.	अरुणाचल प्रदेश	13	78
4.	असम	60	809

5.	बिहार	124	947
6.	चंडीगढ़	37	836
7.	छत्तीसगढ	145	1063
8.	दादरा एवं नगर हवेली	4	26
9.	दमन एवं दीव	3	40
10.	दिल्ली	644	10158
11.	गोवा	34	820
12.	गुजरात	928	7405
13.	हरियाणा	376	4635
14.	हिमाचल प्रदेश	55	607
15.	जम्मू एवं कश्मीर	24	391
16.	झारखंड	77	606
17.	कर्नाटक	838	8549
18.	केरल	1207	6758
19.	लद्दाख	1	5
20.	लक्षद्वीप	1	4
21.	मध्यप्रदेश	363	3242
22.	महाराष्ट्र	3210	32445
23.	मणिपुर	10	135
24.	मेघालय	17	149
25.	मिजोरम	12	109
26.	नागालैंड	9	72
27.	ओडिशा	179	1262
28.	पुड्डूचेरी	25	257
29.	पंजाब	226	2274
30.	राजस्थान	164	2544
31.	सिक्किम	11	88
32.	तमिलनाडु	2464	13576
33.	तेलंगाना	315	4112
34.	त्रिपुरा	4	47
35.	उत्तरांचल	108	980
36.	उत्तर प्रदेश	800	8588
37.	पश्चिम बंगाल	196	2575
38.	56 एपीओ	शून्य	1
39.	99 एपीओ	शून्य	1
कुल		**13047**	**1,18,001**

3. वास्तुविदों के पंजीकरण का नवीनीकरण :

प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान परिषद् ने वार्षिक आधार पर 15235 वास्तुविदों के पंजीकरण का नवीनीकरण किया है और 4485 वास्तुविदों ने एकमुश्त नवीनीकरण का विकल्प चुना है और 4881 वास्तुविदों ने आवश्यक शुल्क का भुगतान कर वास्तुविदों की पंजिका में पुनः अपना नामांकन कराया है।

4. वित्तीय वर्ष 2021–2022 का बजट अनुमान :
परिषद् की कार्यकारिणी समिति ने 09.04.2021 को आयोजित अपनी 227वीं बैठक में वित्तीय वर्ष 2021–2022 के बजट अनुमान, रु. 40,34,66,000/– की प्राप्य आय के समक्ष रु. 20,14,28,000/– के आवर्ती व्यय तथा रु.20,20,00,000/– के अनावर्ती व्यय का अनुमोदन किया।

5. परिषद् की कार्यकारिणी समिति में रिक्त पदों के लिये चुनाव संचालित करने हेतु निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति :
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने अपने पत्रांक 4–04/2019–टीएस–VI दिनांक 01.12.2021 द्वारा सूचित किया कि इसने 27.08.2021 को भारत के राजपत्र में कार्यकारिणी समिति की सदस्यता हेतु तीन रिक्त पद अधिसूचित किए हैं और श्री सैयद इकराम रिजवी, संयुक्त सचिव, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को चुनावों के संचालन के लिए निर्वाचन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है।

परिषद ने अन्य रिक्त पदों के बारे में भी मंत्रालय को सूचित किया और मंत्रालय से कार्यकारिणी समिति में 5 रिक्त पद अधिसूचित करने और निर्वाचन अधिकारी द्वारा शीघ्रातिशीघ्र चुनाव आयोजित कराने का निवेदन किया।

6. वित्तीय वर्ष 2021–2022 के परिषद की खाता–बहियों के लेखापरीक्षण के लिए संवैधानिक लेखापरीक्षक की नियुक्ति :
परिषद ने 25.02.2022 को आयोजित अपनी 76वीं बैठक में वित्तीय वर्ष 2021–2022 के परिषद की खाता–बहियों के लेखापरीक्षण के लिए मैसर्स वी. के. वर्मा एंड कं., नई दिल्ली को संवैधानिक लेखापरीक्षक के रूप में नियुक्त किया है।

7. आर्थिक रूप में कमजोर छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना :
वास्तुकला परिषद (सीओए) ने अधिनियम के उद्देश्य प्राप्त करने के लिए आवश्यक छात्रवृत्ति योजना जैसे समस्त कार्यक्रम आयोजित करने हेतु देशभर में वास्तुकला शिक्षा के मानक अधिदेशित, निर्धारित और विनियमित किये हैं। सीओए अपनी ओर से अधिनियम के उद्देश्य प्राप्त करने के लिए कई कार्यक्रम निर्धारित कर रही है।

देश में उच्चतर शिक्षा और तकनीकी शिक्षा के उदारीकरण के साथ, बढ़ती हुई मांग पूरी करने के लिये निजी क्षेत्र में बड़ी संख्या में वास्तुकला शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थानों की स्थापना की गई है। वास्तुकला शिक्षा के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निजी क्षेत्र के आने से, वास्तुकला शिक्षा प्रदान करने की लागत में अत्यधिक वृद्धि हुई है। इसने बड़ी संख्या में उन महत्वाकांक्षी और योग्य छात्रों के लिए शिक्षण की लागत को अवहनीय बना दिया है, जो एक कैरियर और पेशे के रूप में वास्तुकला की शिक्षा ग्रहण तो करना चाहते हैं परंतु शिक्षा की लागत वहन करने के लिये वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता की कमी के कारण ऐसा करने में असमर्थ हैं। प्रतिभाशाली महत्वाकांक्षी विद्यार्थियों का इस प्रकार शिक्षा के अवसरों से वंचित होकर बाहर होने से इस पेशे पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि एक तो इससे हम गुणवत्तापूर्ण/भावी प्रतिभाशाली पेशेवरों को खो बैठेंगे और साथ ही इससे शिक्षण की सार्थकता भी नहीं रहेगी।

वास्तुकला पेशे के क्षेत्र में ऐसे महत्वाकांक्षी, प्रतिभाशाली और योग्य उम्मीदवारों, जो शिक्षण शुल्क इत्यादि का भुगतान करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन जुटाने में असमर्थ हैं, को आकर्षित करने के लिए यह प्रस्ताव है कि ऐसे जरूरतमंद, योग्य और प्रतिभाशाली छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाए ताकि वे वास्तुकला को करिअर के रूप में आगे बढ़ाने के लिए वास्तुकला शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थानों में प्रवेश लेकर अपनी शिक्षा जारी रख सकें।

कार्यकारिणी समिति ने 09.04.2021 को आयोजित अपनी 227वीं बैठक में निम्नलिखित विशेषज्ञों/व्यक्तियों की एक उप–समिति का गठन किया जो पात्रता मानदंड, भुगतान मोड, लाभार्थियों के चयन, इत्यादि सहित विस्तृत नियम–शर्तें तैयार करेगी।

1. अध्यक्ष, सीओए
2. उपाध्यक्ष, सीओए
3. निदेशक, एसपीए, नई दिल्ली
4. आईआईए प्रतिनिधि
5. किसी संस्थान का प्रमुख
6. केंद्र सरकार का नामिती

7. वास्तुविद जीत कुमार गुप्ता

8. अकादमिक सत्र 2021–2022 के लिए बी.आर्क. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्रता में छूट :
पूरे भारत में कोविड–19 वैश्विक महामारी की स्थिति को देखते हुए देश के कई हिस्सों में 10+2 की परीक्षाएं आयोजित नहीं की जा सकीं और अभ्यर्थी के पिछले प्रदर्शन के आधार पर परिणाम घोषित किए गए।

इसलिए परिषद् ने केंद्र सरकार से अनुमोदन लेकर यह निर्णय लिया कि 1983 विनियम में संशोधन कर 10+2 परीक्षा और पीसीएम विषयों में भी 50% अंक प्राप्त करने की आवश्यक शर्त में ढील दी जाए। 1983 विनियम में जो संशोधन किए गए हैं उन्हें 23.03.2021 को भारत के राजपत्र (असाधारण) भाग– ।।।, खंड 4 में प्रकाशित किया गया था।

9. बी.आर्क पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्रता मानदंड में संशोधन :
परिषद ने 25.02.2022 को आयोजित अपनी 76वीं बैठक में इस प्रकरण में विस्तृत विचार–विमर्श के बाद लिये गये संकल्प सं. 544 को निम्नानुसार हल किया :

(1) वास्तुकला परिषद् (वास्तुकला शिक्षा के न्यूनतम मानक) विनियम, 2020 के परिशिष्ट–घ के विनियम 4(1), (2), (3) और उपवाक्य (2) को निम्नानुसार संशोधित किया जाय :

क. 4 (1) : किसी भी अभ्यर्थी को वास्तुकला पाठ्यक्रम में तब तक प्रवेश नहीं दिया जाएगा जब तक कि उसने परीक्षा की 10 + 2 योजना अथवा समकक्ष के अंत में कम से कम कुल 50 प्रतिशत अंकों के साथ कोई परीक्षा उत्तीर्ण न की हो अथवा कम से कम कुल 50 प्रतिशत अंकों के साथ 10 + 3 डिप्लोमा परीक्षा उत्तीर्ण न की हो।

किंतु साथ ही शर्त यह है कि पाठ्यक्रम में प्रवेश पा चुके सभी अभ्यर्थियों को मानविकी में नियत ब्रिज कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण करना होगा और जिन अभ्यर्थियों ने 10 + 2 स्तर या 10 + 3 डिप्लोमा स्तर पर भौतिकी एवं गणित का अध्ययन नहीं किया है, उनसे अपेक्षा है कि वे पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के दौरान संस्थानों/विश्वविद्यालयों/सक्षम प्राधिकारी द्वारा संचालित किये जानेवाले गणित और भौतिकी, जैसा भी विषयगत प्रकरण हो, में नियत ब्रिज कोर्सेज सफलतापूर्वक पूर्ण करें।

ब्रिज कोर्सेज का पाठ्यविवरण परिशिष्ट–ए1 में निर्धारितानुसार होगा :

ख. 4 (2) : अभ्यर्थी को परिशिष्ट–डी में निर्धारित प्रवेश मानकों का पालन करते हुए परिषद द्वारा संचालित वास्तुकला में योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण करने, और केंद्रीय द्वारा वित्तपोषित तकनीकी संस्थानों (सीएफटीआई) में प्रवेश लेने की स्थिति में, परिषद् के मानकों के अनुसार केंद्र सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा संचालित योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण करने की आवश्यकता है।

ग. 4(3) : बी.आर्क पाठ्यक्रम में प्रवेश विशुद्ध रूप में वास्तुकला की योग्यता परीक्षा में अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों/प्रतिशत के आधार पर तैयार योग्यता के आधार पर दिया जाएगा।

घ. परिशिष्ट–डी (2) : केंद्र सरकार के नामिती या अल्पसंख्यक संस्थान या प्रबंधन या अनिवासी भारतीय या भारतीय मूल के व्यक्ति या विदेशी नागरिक या किसी अन्य कोटा सहित, किसी भी कोटे, चाहे जो हो, के तहत तब तक प्रवेश नहीं दिया जाएगा, जब तक कि कोई अभ्यर्थी परिषद् द्वारा संचालित वास्तुकला की योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर लेता या केंद्रीय आधार पर वित्तपोषित तकनीकी संस्थानों (सीएफटीआई) के प्रकरण में, जब तक कि केंद्र सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा संचालित योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर लेता।

उपरोक्त संशोधन शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पास इसके अनुमोदन के लिये प्रस्तुत किये गये हैं।

10. परीक्षा द्वारा आईआईए की सहयोगी सदस्यता की समीक्षा हेतु समिति :
कार्यकारिणी समिति ने 09.04.2021 को आयोजित अपनी 227वीं बैठक में परीक्षा द्वारा आईआईए को सहयोगी सदस्यता प्रदान करने की निगरानी करने और इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिये विशेषज्ञों की एक समिति गठित की :

1. वास्तुविद कविता डी. राव, संयोजक;
2. वास्तुविद शिरीष शुखातमे, सदस्य; तथा
3. वास्तुविद सलिल रणदिवे, सदस्य।

समिति ने विभिन्न बैठकें आयोजित कीं और विषयगत प्रकरण पर आईआईए के पदाधिकारियों के साथ विचार–विमर्श भी किया था। समिति की रिपोर्ट को शीघ्र ही अंतिम रूप दिया जाएगा।

11. वास्तुविद् अधिनियम 1972 में संशोधन :

वास्तुविद् अधिनियम 1972 को वर्ष 1972 में अधिनियमित किया गया था और वर्तमान समय की चुनौतियों से निपटने के लिए इसमें संशोधन की आवश्यकता है। व्यापक संशोधनों की आवश्यकता विशेष रूप से यह देखते हुए भी अनुभव की गई है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) पर गठित संसद की स्थायी समिति ने वास्तुविद् अधिनियम 1972 में व्यापक संशोधन लाने की सिफारिशें की हैं।

परिषद् ने वास्तुविद् अधिनियम 1972 की धारा 37 में संशोधनों के लिये शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पास एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि जिन व्यक्तियों के पास वास्तुकला में मान्यताप्राप्त योग्यताएं हैं केवल वे व्यक्ति ही वास्तुकला का व्यवसाय कर सकें, ताकि सुरक्षित एवं मितव्ययी भवनों का निर्माण सुनिश्चित किया जा सके।

12. वास्तुकला व्यवसाय की नियम–पुस्तिका बनाने की तैयारी :

परिषद् ने वास्तुकला व्यवसाय की नियम–पुस्तिका बनाने/तैयार करने के लिए एक समिति बनाई है, जिसमें वास्तुविद जे. मनोहरन संयोजक के रूप में, वास्तुविद पी. वैतियानादिन, वास्तुविद एन. महेश, वास्तुविद विजय उप्पल, वास्तुविद प्रशांत सुतारिया, वास्तुविद संदीप शिरके और वास्तुविद सलिल रणदिवे सदस्यों के रूप में सम्मिलित हैं। एमएपी समिति ने फरवरी 2022 से लगभग 70 बैठकें की हैं और अंतिम प्रलेखों को परिषद् के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया है। नियम–पुस्तिका में पांच खंड हैं, जिनमें खंड 1– वास्तुकला अभ्यास के लिए दिशानिर्देश, खंड 2–वास्तुविदों को कार्यव्यस्त करने के लिए दिशानिर्देश और वास्तुकला प्रतिस्पर्धाओं के लिए संहिता, खंड 3– वास्तुकला अनुबंधों के लिए दिशानिर्देश, खंड 4– वास्तुकला सेवाओं एवं शुल्कों के लिए दिशानिर्देश और खंड 5 में फर्मों के प्रबंधन के लिए दिशानिर्देश का उल्लेख होगा।

नियम–पुस्तिका प्रारूप की समीक्षा निम्नलिखित वास्तुविदों द्वारा की गई थी :

1. वास्तुविद विवेक गुप्ता;
2. वास्तुविद लालीचन जकारियाज;
3. वास्तुविद, मिलाना एम. वी. ;
4. वास्तुविद, जयप्रकाश बी. अग्रवाल;
5. वास्तुविद, वी. नरशिम्हन

परिषद् ने 28 एवं 29 अगस्त 2021 को आयोजित अपनी 75वीं बैठक में, एमएपी समिति के सदस्यों द्वारा तैयार विस्तृत प्रस्तुतिकरण पर विचार–विमर्श करने के उपरांत, नियम–पुस्तिका के पांच खंडों का अनुमोदन किया तथा नियम–पुस्तिका के मुद्रण हेतु निर्देश दिया।

13. शासकीय वास्तुविदों के कैडर पुनर्गठन पर उप–समिति :

कार्यकारिणी समिति ने 27 अगस्त 2021 को आयोजित अपनी 232वीं बैठक में शासकीय सेवा में वास्तुविदों की भूमिका पर उप–समिति के प्रतिवेदन पर विचार किया तथा उसे परिषद् के अनुमोदन हेतु संस्तुत किया। यह दिशानिर्देश, भवनों के निर्माण तथा अन्य आवश्यकताओं पर शासकीय विभागों के कार्यभार/बजट के अनुसार विभागों में वास्तुविदों के मॉडल मानक कैडर शक्ति का निर्धारण करते हैं।

14. इंडियन कूलिंग कार्य योजना का अध्ययन करने के लिये समिति :

सीओए के अध्यक्ष को सुश्री डी. थारा, आईएएस, संयुक्त सचिव, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से एक डी.ओ. पत्र सं. के–14011/28/2021–एएमआरयूटी–IIए दिनांकित 27 अक्तूबर 2021 प्राप्त हुआ है

जिसमें सूचित किया गया है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इंडियन कूलिंग कार्य योजना (आईसीएपी) प्रारंभ की है तथा परिषद् से निवेदन किया कि बी.आर्क एवं एम.आर्क पाठ्यक्रम की विषयगत पाठ्यचर्या में ऊर्जा कार्यकुशल भवनों हेतु राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मानकों और सर्वोत्तम व्यवसायगत अभ्यास का समावेश करे।
भारत सरकार की इंडियन कूलिंग कार्य योजना का परीक्षण एवं अध्ययन करने तथा बी.आर्क एवं एम.आर्क पाठ्यक्रम की विषयगत पाठ्यचर्याओं में उसका समावेशन करने के लिये अध्यक्ष ने एक समिति का गठन किया है, जिसमें प्रो. अभिजीत शिरोडकर संयोजक के रूप में, डा. मीनाक्षी जैन एवं वास्तुविद जी. श्रीनिवास मूर्थि सदस्यों के रूप में सम्मिलित हैं।

परिषद् ने अपनी 76वीं बैठक में समिति के प्रतिवेदन (रिपोर्ट) तथा संस्तुतियों पर विचार किया और निर्णय लिया कि समिति की संस्तुतियों पर आगामी कार्यवाही परिषद् द्वारा की जायेगी।

15. विद्यमान विदेशी योग्यताओं की स्थिति के समीक्षण पर समिति :
सीओए के अध्यक्ष ने वास्तुविद अधिनियम 1972 के अंतर्गत विद्यमान मान्यताप्राप्त विदेशी योग्यताओं की स्थिति की समीक्षा करने के लिये एक समिति का गठन किया है। समिति में डा. कविता डी. राव, वास्तुविद जे. मनोहरन, सदस्य, वास्तुविद चंदन परब, सदस्य, वास्तुविद पुष्कर कंविंदे, सदस्य तथा वास्तुविद ज्ञानेंद्र सिंह, विशेष आमंत्रित सदस्य सम्मिलित थे।

समिति की अनुशंसा निम्न प्रकार है :

1. यहां व्यावसायिक अभ्यास हेतु वास्तुविदों के पंजीकरण के लिये अनेक प्रकार के वास्तुकला पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं :

- पंजीकरण के लिये 5 वर्षीय बी.आर्क व्यावसायिक उपाधियां, तदुपरांत प्रशिक्षुता एवं परीक्षा
- पंजीकरण के लिये 3/4 वर्षीय उपाधि + 1/2 वर्षीय स्नातकोत्तर उपाधि, तदुपरांत प्रशिक्षुता एवं परीक्षा
- इत्यादि

2. भिन्न–भिन्न देशों ने वास्तुविदों के पंजीकरण हेतु विभिन्न विधियां अपनाई हैं, जिनमें प्रशिक्षुता एवं परीक्षा नियमबद्ध हो भी सकती है अथवा नहीं भी। हालांकि, उक्त विधियों के मध्य की गई तुलना यही दर्शाती है कि कोई भी देश प्रशिक्षुता को अध्ययन के पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में सम्मिलित नहीं कर रहा।
3. अतः उपरोक्त के आधार पर, समिति ने सुझाव दिया है कि अनुसूची में सम्मिलित अकादमिक पाठ्यक्रमों की सूची को हटा दिया जाय और इनके स्थान पर निम्नलिखित बिंदुओं के समकक्ष मानकों के एक सेट लाया जाय :
   क. एक वास्तुकला पाठ्यक्रम में न्यूनतम 5 वर्षीय अध्ययन। आवेदकों को अनिवार्य रूप में योग्य होना चाहिये तथा अध्ययन के देश में पंजीकरण हेतु आवेदन करने के लिये पात्र होना चाहिये।
   ख. भारत में अनिवार्य प्रशिक्षुता।
   ग. व्यावसायिक अध्ययन पर परीक्षा।
   घ. यदि अभ्यर्थियों ने ऐसे संस्थानों से अपनी योग्यतायें प्राप्त की हैं जो वास्तुविदों के रूप में पंजीकरण के उद्देश्यार्थ प्रत्यायित/मान्यताप्राप्त नहीं हैं, तो ऐसे अभ्यर्थियों के लिये एक लिखित परीक्षा का संचालन किया जायेगा।

कार्यकारिणी समिति ने 27 अगस्त 2021 को आयोजित अपनी 232वीं बैठक में प्रतिवेदन (रिपोर्ट) पर विचार किया तथा निर्णय लिया कि विस्तृत विनियमों को परिषद् के अनुमोदन हेतु समिति द्वारा तैयार किया जाय।

16. वास्तुकला परिषद् के वेब पोर्टल का डिजाइन (अभिकल्पना) एवं विकास/कार्यालय प्रबंधन, डाक पोर्टल, ई–पुस्तकालय/ई–शिक्षण हेतु एप्लिकेशन (अनुप्रयोग) तथा मोबाइल एप्लिकेशन :
परिषद् ने परिषद् के वेब पोर्टल के डिजाइन (अभिकल्पना) एवं विकास/कार्यालय प्रबंधन प्रणाली, डाक पोर्टल, ई–पुस्तकालय/ई–शिक्षण हेतु एप्लिकेशन (अनुप्रयोग) तथा मोबाइल एप्लिकेशन बनाने का कार्य मैसर्स वेलोसिस सिस्टम्स प्रा. लि. को सौंपा है। यह कार्य शीघ्र ही पूर्ण होगा।

17. पहचान/पंजीकरण पत्र का निर्गतन तथा पंजीकरण का डिजिटल प्रमाणपत्र :
कार्यकारिणी समिति ने 2 जुलाई 2022 को आयोजित अपनी 228वीं बैठक में वास्तुविदों को पंजीकरण के ऑनलाइन प्रमाणपत्र निर्गत करने के प्रस्ताव पर विचार किया। ऑनलाइन प्रमाणपत्र जिनमें वास्तुविद का नाम, पंजीकरण संख्या,

वैधता, फोटोग्राफ (चित्र) तथा हस्ताक्षर और अध्यक्ष एवं पंजीयक/सचिव के स्कैन किये हुये डिजिटल हस्ताक्षर जैसे प्रासंगिक विवरण संबंधित वास्तुविद के ई–मेल पर प्रेषित किये जायेंगे, जिनका वे अपने उपयोग के लिये मुद्रण करा सकते हैं।

समिति ने उन सभी वास्तुविदों को पहचान–पत्र निर्गत करने का भी निर्णय लिया है जिनके पास परिषद् के साथ वैध पंजीकरण है। पहचान पत्र, वास्तुकला परिषद् के साथ वैध पंजीकरण धारण करनेवाले संबंधित वास्तुविद(दों) से निर्धारित तिथि के अंदर अनुरोध प्राप्ति पर, निःशुल्क तथा तदुपरांत रु. 200/– के भुगतान पर निर्गत किये जायेंगे।

18. वास्तुकला जागरूकता पर फिल्में :

समाज में वास्तुविदों की भूमिका पर जागरूकता फैलाने के क्रम में, कार्यकारिणी समिति ने 02.12.2021 को आयोजित अपनी 235वीं बैठक में वास्तुविद शालीन शर्मा को वास्तुकला पर फिल्मों के निर्माण हेतु नियुक्त किया है। फिल्मों की अवधि 20 मिनट, 10 मिनट एवं 5 मिनट की तीन श्रेणियों में विभाजित होगी। ये फिल्में विद्यार्थियों को प्रेरित एवं उत्प्रेरित करने के लिये सभी वास्तुकला संस्थानों को उपलब्ध कराई जायेंगी।

19. वास्तुकला पर आभासी प्रदर्शनी के संचालन तथा समाज में वास्तुविदों की भूमिका पर जागरूकता हेतु एक दौड़ के लिये ईथोस के साथ समझौता–ज्ञापन :

कार्यकारिणी समिति ने 02.12.2021 को आयोजित अपनी 235वीं बैठक में, सामान्य व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन लाने में वास्तुविदों एवं उत्तम डिजाइन की भूमिका पर एक आभासी प्रदर्शनी आयोजित करने हेतु, ईथोस के साथ एक समझौता–ज्ञापन (एमओयू) निष्पादित किया, ताकि वास्तुकला शिक्षा एवं व्यवसाय का संवर्द्धन किया जा सके। वास्तुविद गीता बालाकृष्णन, ईथोस की संस्थापक एवं संरक्षक ने इस संदर्भ में कोलकाता से लेकर दिल्ली तक लगभग 1700 किलोमीटर की एक पद्यात्रा निकाली।

20. सीओए के ऑनलाइन मंच ''सीओएसोशल'' पर संपन्न गतिविधियां :

समाज में वास्तुकला के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने तथा वरिष्ठ वास्तुविदों एवं अकादमिक सदस्यों के ज्ञान एवं अनुभव को बांटने के लिए भी, परिषद् अपने ऑनलाइन मंच ''सीओएसोशल'' के माध्यम से व्यवसायरत् वास्तुविदों, अकादमिक सदस्यों, विद्यार्थियों तथा जनसाधारण के लाभ हेतु विभिन्न वार्तायें, विचार–विमर्श और व्याख्यान आयोजित कर रही है।

क्र.सं.	कार्यक्रम सीओए सोशल वार्ता	दिनांक
1.	सीओए सोशल वार्ता #16 चिंतन बिंदु : महिलायें, इतिहास एवं वास्तुकला अपूर्वा बोस दत्ता के साथ मैरी एन वुड्स की वार्ता	02 अप्रैल 2021
2.	सीओए सोशल वार्ता #17 अंतर्दृष्टि के माध्यम से : वास्तुकला शिक्षा के शिक्षाशास्त्र में परिवर्तन करना	25 अप्रैल 2021
3.	सीओए सोशल वार्ता #18 वास्तुकला : उद्देश्य, शिक्षा एवं मान्यता अपूर्वा बोस दत्ता के साथ मार्था थ्रोन की वार्ता	14 मई 2021
4.	सीओए सोशल वार्ता #19 महापुरुषों से सीखना संगीत शर्मा, पूर्णिमा शर्मा एवं अपूर्वा बोस दत्ता के साथ शिव दत्त शर्मा की वार्ता	04 जून 2021
5.	सीओए सोशल वार्ता #20 वास्तुकला में समाज : अपूर्वा बोस दत्ता के साथ वार्ता	25 जून 2021
6.	सीओए सोशल वार्ता #21 सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण विषय पर वास्तुविद अपूर्वा बोस दत्ता के साथ डा. रोहित जिज्ञासु की वार्ता	23 जुलाई 2021
7.	सीओए सोशल वार्ता #22 वास्तुकला के संचार/संप्रेषण/प्रसारण के अनेक माध्यम : वास्तुविद अपूर्वा	27 अगस्त 2021

	बोस दत्ता द्वारा संचालित एक परिचर्चा	
	सीओए सोशल व्याख्यान	
8.	सीओए सोशल व्याख्यान #8 साक्ष्य आधारित वास्तुकला वास्तुविद हबीब खान, अध्यक्ष, सीओए के साथ डा. निकोस सलिंगारोज और डा. माइकल मेहाफी की वार्ता	7 मई 2021
9.	सीओए सोशल व्याख्यान #9 ली कोर्बुजियर्स की राजनीति : सरलता और अवसरवाद के मध्य दुर्गानंद बलसावर के साथ प्रो. जीन लूइस कोहेन की वार्ता	27 मई 2021
10.	सीओए सोशल व्याख्यान #10 दुर्गानंद बलसावर के साथ स्टीवन होल्ल की वार्ता	17 जून 2021
11.	सीओए सोशल व्याख्यान #11 द डे द सन स्टुड स्टिल पर दुर्गानंद बलसावर के साथ इरिक ओवेन मोस्स की वार्ता	20 जुलाई 2021
12.	सीओए सोशल व्याख्यान #12 रजनीश वत्स के साथ राहुल मेहरोत्रा की वार्ता	21 अगस्त 2021
13.	सीओए सोशल व्याख्यान #13 दुर्गानंद बलसावर के साथ साराह व्हाइटिंग की वार्ता	02 सितंबर 2021
14.	सीओए सोशल व्याख्यान #14 भावनात्मक वास्तुकला की खोज पर दुर्गानंद बलसावर के साथ लुइस नोएल ग्रास की वार्ता	14 अक्टूबर 2021
15.	सीओए सोशल व्याख्यान #15 दुर्गानंद बलसावर के साथ चिआरा स्पैनगरो की वार्ता	25 नवंबर 2021
16.	सीओए सोशल व्याख्यान #16 मंथन के पचास वर्ष पर दुर्गानंद बलसावर के साथ प्रो. जैमिनी मेहता की वार्ता	10 जनवरी 2022
17.	सीओए सोशल व्याख्यान #17 भारत के निर्मित पर्यावरण के पचास दशक पर दुर्गानंद बलसावर के साथ दीक्षु सी. कुकरेजा की वार्ता	24 फरवरी 2022
18.	सीओए सोशल व्याख्यान #18 रिग्राउंडिंग पर दुर्गानंद बलसावर के साथ अलेक्जेंडर जैस्की की वार्ता	01 मार्च 2022
19.	सीओए सोशल उत्सव	16–18 अप्रैल 2021
	सीओए सोशल पीपल	
20.	सीओए सोशल पीपल #1 नंदिनी सोमाया सम्पत, तपन चक्रवर्ती एवं मनोग्ना मेलेम्पति के साथ गीता बालकृष्णन की वार्ता	14 अगस्त 2021
21.	सीओए सोशल पीपल #2 व्यथित एवं उत्साहित अभिभावक, विद्यार्थी तथा वास्तुकला	08 अक्टूबर 2021
22.	सीओए सोशल पीपल #3 वास्तुकला तथा ग्राहक	19 नवंबर 2021
	वास्तुकला में महिलायें	
23.	वास्तुकला में महिलायें अपूर्वा बोस दत्ता के साथ खुली वार्ता में खुले विचारोंवाली गीता बालकृष्णन से क्रूसैडर	18 अप्रैल 2021
24.	वास्तुकला में महिलायें वास्तुविद माधवी देसाई द्वारा संचालित युवा महिला वास्तुविदों के साथ	18 अप्रैल 2021

	वार्ता	
25.	वास्तुकला में महिलायें वास्तुविद सपना द्वारा संचालित प्रश्नोत्तर (क्यू एंड ए) सत्र	18 अप्रैल 2021
26.	वास्तुकला में महिलायें #4 वास्तुविद गीता बालकृष्णन के साथ बहादुर वास्तुविद श्रेया श्रीवास्तव की गर्मागर्म वार्तालाप	28 मई 2021
27.	वास्तुकला में महिलायें #4 वास्तुविद माधवी देसाई द्वारा संचालित कार्यक्रम में युवा महिला वास्तुविदों के साथ वार्तालाप	28 मई 2021
28.	वास्तुकला में महिलायें #5 चित्रा विश्वनाथ द्वारा संचालित कार्यक्रम में युवा महिला वास्तुविदों के साथ वार्तालाप	09 जुलाई 2021
29.	वास्तुकला में महिलायें #6 मार्गनिर्देशनकारी जीवन पर स्वांजल कपूर के साथ गीता बालकृष्णन की वार्तालाप	20 अगस्त 2021
30.	वास्तुकला में महिलायें #7 गीता बालकृष्णन के साथ अनुपमा कुंडू की वार्तालाप	04 सितंबर 2021
31.	विश्व वास्तुकला दिवस का समारोह	04 अक्टूबर 2021

21. इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में सीओए कार्यालय की आंतरिक सज्जा/पुनरुद्धार :

कार्यकारिणी समिति ने 22.07.2021 को आयोजित अपनी 229वीं बैठक में इंडिया हैबिटेट सेंटर (आईएचसी) में स्थित परिषद् के कार्यालय में आंतरिक कार्य करने का प्रस्ताव अनुमोदित किया है, ताकि कार्यालय के सौंदर्य व स्वरूव को समुन्नत किया जा सके तथा स्थान का समुचित उपयोग सुनिश्चित हो सके।

कार्यकारिणी समिति ने वास्तुविद विवेक गुप्ता, जिन्होंने लोक–कल्याणार्थ परिषद् को अपनी व्यावसायिक सेवायें प्रदान की हैं, द्वारा तैयार रेखाचित्रों (ड्राइंग्स) एवं योजनाओं का अनुमोदन भी किया। इंडिया हैबिटेट सेंटर में स्थित परिषद् के कार्यालय का आंतरिक सज्जा कार्य मैसर्स ए. बी. सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली द्वारा संचालित किया जा रहा है।

22. एनबीसीसी प्लेस, ओखला, नई दिल्ली में सीओए कार्यालय की आंतरिक सज्जा/पुनरुद्धार :

कार्यकारिणी समिति ने निर्णय लिया है कि एनबीसीसी ओखला, नई दिल्ली में स्थित सीओए कार्यालय स्थल का आंतरिक सज्जा कार्य, मैसर्स बब्बर एंड बब्बर एसोसिएट्स द्वारा प्रस्तुत रेखाचित्रों (ड्राइंग्स) के अनुसार संपन्न किया जाना है। तद्नुसार, मैसर्स एनसीआई ग्लोबल इंफ्राटेक, नई दिल्ली को कार्य संचालित करने के लिये नियुक्त किया गया था। कार्य प्रगति अधीन है तथा शीघ्र ही पूर्ण किया जायेगा।

23. वास्तुकला संस्थानों के संकाय सदस्यों हेतु जीविका उन्नति योजना (करियर एडवांसमेंट स्कीम) :

परिषद् ने सीओए (वास्तुकला शिक्षा के न्यूनतम मानक) विनियम 2020 पर आधारित वास्तुकला के संकाय सदस्यों हेतु जीविका उन्नति योजना (करियर एडवांसमेंट स्कीम) तैयार करने के लिये प्रो. पुष्कर कंविंडे की एक–सदस्यीय समिति गठित की है। प्रो. कंविंडे ने परिषद् के पास मसौदा योजना प्रस्तुत की है। परिषद् उस मसौदा योजना को वास्तुकला संस्थानों द्वारा क्रियान्वित किये जाने के उद्देश्य से अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है।

24. वास्तुविदों के विरुद्ध व्यावसायिक कदाचार की शिकायतें :

सभी वास्तुविदों को वास्तुविद् (व्यावसायिक आचरण) विनियम 1989 के प्रावधानों को मानना और उनका पालन करना आवश्यक है। अधिनियम में एक ऐसे वास्तुविद् के विरुद्ध कार्रवाई करने का प्रावधान किया गया है, जिसकी जांच होने पर और संबंधित वास्तुविद को सुनवाई का अवसर प्राप्त होने के बाद, उसे व्यावसायिक कदाचार का दोषी पाया जाता है।

परिषद् ने 28 व 29 अगस्त 2021 को आयोजित अपनी 75वीं बैठक में 4 शिकायतों के संदर्भ में अनुशासनात्मक समिति के प्रतिवेदन (रिपोर्ट) पर विचार किया तथा 3 शिकायतें निरस्त कीं और 1 शिकायत में प्रतिवादी वास्तुविद को व्यावसायिक

कदाचार का दोषी पाया गया तथा दोनों पक्षकारों को अधिनियम की धारा 30 के निबंधनों के अनुसार सुनवाई का अवसर प्रदान करने के लिये परिषद् के सम्मुख उपस्थित होने का आदेश दिया गया था। परिषद् ने 8 नई शिकायतों पर विचार भी किया और 6 शिकायतें निरस्त कीं, और ऐसा इसलिये किया गया क्योंकि यहां प्रतिवादी वास्तुविदों के विरुद्ध प्रथम दृष्टया शिकायत नहीं थी, तथा 2 शिकायतें विस्तृत जांच के लिये अनुशासनात्मक समिति को भेजी गईं।

परिषद् ने 25.02.2022 को आयोजित अपनी 76वीं बैठक में वास्तुविदों के विरुद्ध कथित व्यावसायिक कदाचार की 9 शिकायतों के संदर्भ में अनुशासनात्मक समिति के प्रतिवेदन (रिपोर्ट) पर विचार किया। परिषद् ने 7 शिकायतें निरस्त कीं और 2 शिकायतों में प्रतिवादी वास्तुविदों को व्यावसायिक कदाचार का दोषी पाया गया था तथा दोनों पक्षकारों को अधिनियम की धारा 30 के निबंधनों के अनुसार सुनवाई का अवसर प्रदान करने के लिये परिषद् के सम्मुख उपस्थित होने का आदेश दिया गया था। परिषद् ने 5 नई शिकायतों पर विचार भी किया और 4 शिकायतें निरस्त कीं तथा 1 शिकायत अनिर्णीत छोड़ दी गई क्योंकि इससे संबंधित प्रकरण न्यायालय के समक्ष विचाराधीन था।

परिषद् ने वास्तुविद अरुण सिंह राजपूत, मध्य प्रदेश, जिन्हें व्यावसायिक कदाचार का दोषी पाया गया था, को भी 2 वर्षों की एकावधि हेतु विषयगत अभ्यास करने से निलंबित कर दिया है।

25. अनुशासनात्मक समितिः

वास्तुकला परिषद् की नियमावली 1973 के अनुसार, वास्तुविदों के विरुद्ध परिषद् द्वारा उठाये गये कथित व्यावसायिक कदाचार की प्राप्त शिकायतों की जांच के लिए केंद्र सरकार द्वारा समय–समय पर राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से अनुशासनात्मक समिति का गठन किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, परिषद् के एक सदस्य के रूप में वास्तुविद एन. के. नेगी की सदस्यता की समाप्ति के उपरांत परिषद् द्वारा अनुशासनात्मक समिति के एक सदस्य के रूप में वास्तुविद अमोघ कुमार गुप्ता का चयन किया गया।

कोविड–19 वैश्विक महामारी की स्थिति के कारण अनुशासनात्मक समिति की पांच बार अर्थात् 03.08.2021, 15.09.2021, 12.10.2021, 30.11.2021 व 24.01.2022 को बैठकें हुईं और 18 शिकायतों को ऑनलाइन जांच के लिए सूचीबद्ध किया गया।

26. विदेशी योग्यताओं की मान्यता पर समिति :

वास्तुविद् अधिनियम 1972 की धारा 15 के अनुसार, केंद्र सरकार को यह अधिकार प्राप्त है कि वह वास्तुविद् अधिनियम 1972 के प्रयोजनों के लिए वास्तुकला परिषद् की सलाह पर विदेशी वास्तुकला योग्यताओं को मान्यता दे।

परिषद् ने केंद्र सरकार से प्राप्त संदर्भों पर विचार करने और इस पर अपनी रिपोर्ट बनाने के लिए एक समिति गठित की है। प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान समिति ने चार बैठकें आयोजित कीं और केंद्र सरकार से प्राप्त प्रकरणों पर विचार कर अपना प्रतिवेदन (रिपोर्ट) पूर्ण परिषद् को सौंप दिया है।

27. दृष्टिकोण योजना :

परिषद् ने देखा कि देशभर में वास्तुकला पाठ्यक्रमों की बढ़ती मांग के कारण वास्तुकला महाविद्यालय खोलने में वृद्धि हुई,लेकिन परिषद् ने यह भी देखा कि महाविद्यालय खोलने की तीव्र गति की तुलना में शिक्षा की समग्र गुणवत्ता का स्तर उतना नहीं उठा जितना उठना चाहिए था। ऐसे कई प्रकरणों के अतिरिक्त, विभिन्न संस्थान परिषद् द्वारा बनाये गये वास्तुकला शिक्षा के निर्धारित न्यूनतम मानक कायम रखने में सक्षम नहीं हैं, जिसके फलस्वरूप मानकों में गिरावट आ गई। यह स्थिति तब और बिगड़ गई जब स्नातक उपाधि प्राप्त वास्तुविदों को रोजगार के निराशाजनक अवसर मिले और धीरे–धीरे वास्तुकला पाठ्यक्रम में प्रवेश की संख्या कम होने लगी। प्रथम दृष्टया यह प्रतीत होता है कि किसी परिभाषित नीति के बिना वास्तुकला संस्थानों की अल्पावधि में हुई/होनेवाली तीव्र वृद्धि और रोड मैप का अभाव, इस विसंगति का एक कारण हो सकता है।

परिषद् ने एक नव योजना स्वीकृत की है, जिसमें नए महाविद्यालयों को खोलने, अतिरिक्त प्रवेश की स्वीकृति देने, प्रवेश प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने और नए अतिरिक्त पाठ्यक्रमों का अनुमोदन करने पर विचार किया जायेगा। इस नीति को समस्त संबंधितों की जानकारी एवं अनुपालन हेतु परिषद् की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

28. न्यायालयी प्रकरण (कोर्ट केसेज) :

प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान परिषद् के विरुद्ध निम्नलिखित प्रकरण प्रस्तुत किये गये थे :

1. चेन्नई की सुश्री एम. मेय्यामल ने, पहले ही प्रथम एवं द्वितीय एनएटीए परीक्षा दे चुके अभ्यर्थियों को तृतीय नाटा परीक्षा में बैठने की अनुमति न देने के परिषद् के निर्णय को चुनौती देते हुये, मद्रास उच्च न्यायालय में एक समादेश याचिका (रिट पेटीशन) प्रस्तुत की है। इस प्रकरण पर एकल न्यायाधीश ने अंतरिम आदेश देकर उक्त याचनाकर्ता के पक्ष में किसी भी आदेश को स्वीकार करने से मना कर दिया। याचनाकर्ता द्वारा एकल न्यायाधीश के आदेश के विरुद्ध प्रस्तुत याचना (अपील) को भी निरस्त कर दिया गया था।

2. डा. बलीराम हिर्रे, वास्तुकला महाविद्यालय, मुंबई द्वारा भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत मिसले. एप्लिकेशन नं. 1461 ऑफ 2021 में न्यायिक–वर्णन है कि परिषद्, पृथक अकादमिक कैलेंडर का निर्धारण नहीं कर सकती और अपने संस्थान का निरीक्षण नहीं कर सकती। माननीय न्यायालय ने आवेदन निरस्त कर दिया।

3. रमेश फिरौदिया, वास्तुकला महाविद्यालय द्वारा बी. आर्क. पाठ्यक्रम में प्रवेश की संख्या 20 से घटाकर 10 करने के संबंध में प्रस्तुत समादेश याचिका (रिट पेटीशन) नं. 11256 ऑफ 2021, इस संदर्भ में उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया है कि संस्थान द्वारा प्रस्तुत पुनरीक्षा आवेदन पर निर्णय लिया जाना है। संस्थानों के पुनरीक्षा आवेदन पर विचार करने के उपरांत परिषद् ने अकादमिक एवं भौतिक अवसंरचनागत सुविधाओं की कमी के कारण संस्थान में प्रवेश संख्या 10 निर्धारित करने के अपने निर्णय की अभिपुष्टि की।

4. डा. बलीराम हीरे, वास्तुकला महाविद्यालय, मुंबई द्वारा एम. आर्क. पाठ्यक्रम में प्रवेश की संख्या 20 से घटाकर 0 (शून्य) तथा बी. आर्क. पाठ्यक्रम में 160 से घटाकर 120 करने के संबंध में माननीय मुंबई उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत समादेश याचिका (रिट पेटीशन) नं. 7425 ऑफ 2021 एवं समादेश याचिका (रिट पेटीशन) नं. 7724 ऑफ 2021, इस संदर्भ में माननीय उच्च न्यायालय ने एक अंतरिम आदेश द्वारा याचनाकर्ता संस्थान को एम. आर्क. पाठ्यक्रम में 20 छात्रों तथा बी. आर्क. पाठ्यक्रम में 160 छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति प्रदान की। परिषद् ने इस आदेश को वापस लेने का आवेदन प्रस्तुत किया है तथा आवेदन न्यायिक–निर्णय हेतु लंबित है।

5. माननीय मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत, जेईई में योग्यताप्राप्त छात्रों को बी. आर्क. पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की अनुमति देने का निवेदन करनेवाली समादेश याचिका (रिट पेटीशन) नं. 23163 एवं 23164 ऑफ 2021, इस संदर्भ में माननीय मद्रास उच्च न्यायालय ने अपने आदेश दिनांकित 27.10.2021 के द्वारा व्यवस्थित किया कि सीओए (वास्तुकला शिक्षा के न्यूनतम मानक) विनियम 2020 के अनुसार, बी. आर्क. पाठ्यक्रम में प्रवेश केवल नाटा के आधार पर दिये जायेंगे।

6. सुश्री सखी सत्यन मिश्रा द्वारा माननीय मुंबई उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत, जेईई में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को बी. आर्क. पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की अनुमति देने का निवेदन करनेवाली समादेश याचिका (रिट पेटीशन) नं. 7958 ऑफ 2021, इस संदर्भ में माननीय मुंबई उच्च न्यायालय ने व्यवस्थित किया कि सीओए (वास्तुकला शिक्षा के न्यूनतम मानक) विनियम 2020 के अनुसार, बी. आर्क. पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये एनएटीए में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है तथा याचिका निरस्त कर दी।

7. सिविल अपील नं. 1320 ऑफ 2022, परिषद् ने माननीय मद्रास उच्च न्यायालय की खंडपीठ के उस आदेश के विरुद्ध भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक अपील प्रस्तुत की है, जिसमें यह व्यवस्था दी गई कि सीओए, वास्तुविद अधिनियम 1972 की धारा 21 के अंतर्गत न्यूनतम मानकों का विरचन एवं प्रवर्तन नहीं कर सकती। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने न्यायिक–आदेश दिनांकित 14.02.2022 के द्वारा व्यवस्थित किया कि परिषद्, धारा 21 के अंतर्गत न्यूनतम मानक निर्धारित करने के लिये सशक्त है तथा इस प्रकार उसने मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को निरस्त कर दिया।

29. आरटीआई अधिनियम 2005 के अंतर्गत सूचना जारी करना :

श्री दीपक कुमार, प्रशासनिक अधिकारी, परिषद् में जन सूचना अधिकारी हैं और श्री राज कुमार ओबराय, जो रजिस्ट्रार हैं, वे आरटीआई अधिनियम 2005 के प्रावधानों के अनुसार परिषद् में प्रथम अपीलीय प्राधिकारी हैं।

प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान सूचना अधिकार अधिनियम के अनुसार परिषद् ने 70 आरटीआई आवेदनों के संदर्भ में सूचना उपलब्ध कराई और 1 प्रथम अपील पर कार्यवाही की। परिषद् ने आरटीआई आवेदनों और इनके परिणामस्वरूप की जानेवाली अपीलों की संख्या घटाने के लिए सार्वजनिक ज्ञानक्षेत्र (डोमेन) में अधिकतम जानकारी प्रकट करने के प्रयास किए हैं।

30. बैंगलोर विश्वविद्यालय ज्ञान भारती परिसर, बैंगलोर के भीतर कर्नाटक सरकार द्वारा भूमि का आबंटन :
परिषद् ने बैंगलोर में अपने प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र की स्थापना करने के लिए बैंगलोर विश्वविद्यालय से 2 एकड़ भूमि आबंटित करने का अनुरोध किया था। बैंगलोर विश्वविद्यालय ने परिषद् के अनुरोध की संस्तुति कर्नाटक सरकार से की। कर्नाटक सरकार ने परिषद् के पक्ष में 2 एकड़ भूमि पट्टे पर 30 वर्षों की एकावधि के लिए 2 लाख रुपए वार्षिक पट्टा किराया पर आबंटित की है।

बैंगलोर विश्वविद्यालय ने भूमि का अधिग्रहण परिषद् को सौंप दिया है। परिषद् ने शीघ्रातिशीघ्र भवन निर्माण का प्रस्ताव दिया है तथा वास्तुविद के चयन हेतु एक वास्तुकला अभिकल्पना प्रतिस्पर्द्धा (आर्किटेक्चरल डिजाइन कंपीटीशन) प्रारंभ की है।

31. वास्तुकला सहायकवृत्ति (आर्किटेक्चरल एसिसटेंटशिप) में तीन/दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम(मों) के अनुमोदन की स्वीकृति :
भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने प्रिंस शिवाजी प्रकरण में दिये गये न्यायिक–निर्णय दिनांकित 08.11.2019 के द्वारा व्यवस्थित किया कि वास्तुकला शिक्षा में एआईसीटीई की कोई भूमिका नहीं है। इसके परिणामस्वरूप, एआईसीटीई ने वास्तुकला शिक्षा प्रदान करनेवाले संस्थानों के अनुमोदन स्वीकार करने पर रोक लगा दी है। परिषद् की कार्यकारिणी समिति ने 2 जुलाई 2021 को आयोजित अपनी 228वीं बैठक में निर्णय लिया कि वास्तुकला में 10+2/10+3 डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान करनेवाले संस्थानों के अनुमोदन/अनुमोदन के विस्तार पर स्वीकृति प्रदान की जाए।

परिषद् ने संबंधित हितग्राहियों से परामर्शन करने के पश्चात् डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के न्यूनतम मानक भी तैयार किये तथा संबंधित संस्थान को उन्हें अपनाने के लिये प्रेषित किया। अकादमिक सत्र 2021–2022 के दौरान परिषद् ने 36 संस्थानों के अनुमोदन/अनुमोदन के विस्तार को स्वीकृति प्रदान की है।

32. अकादमिक सत्र 2021–2022 में बी.आर्क. एवं एम.आर्क. पाठ्यक्रम का शिक्षण–प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये नवीन वास्तुकला संस्थानों का अनुमोदन :
प्रतिवेदनाधीन वर्ष के दौरान, वास्तुकला पाठ्यक्रमों में स्नातक उपाधि प्रदान करने हेतु 13 नवीन संस्थानों का अनुमोदन स्वीकृत किया गया था तथा पीजी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के लिये 11 विद्यमान संस्थानों के अनुमोदन स्वीकृत किये गये।

वर्तमान में यहां ऐसे 424 संस्थान विद्यमान हैं जो परिषद् के अनुमोदन से अकादमिक सत्र 2021–2022 के दौरान मान्यताप्राप्त वास्तुकला योग्यतायें प्रदान कर रहे हैं।

संस्थानों की राज्यवार संख्या निम्नानुसार सूचीबद्ध है :

क्र.सं.	राज्य	विद्यालयों की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	9
2.	असम	2
3.	बिहार	2
4.	छत्तीसगढ़	4
5.	चण्डीगढ़	1
6.	दिल्ली	8
7.	गोवा	1
8.	गुजरात	24
9.	हिमाचल प्रदेश	2
10.	हरियाणा	17

11.	झारखण्ड	2
12.	जम्मू एवं कश्मीर	4
13.	कर्नाटक	43
14.	केरल	35
15.	महाराष्ट्र	90
16.	मेघालय	1
17.	मध्य प्रदेश	17
18.	मिजोरम	1
19.	उड़ीसा	7
20.	पंजाब	14
21.	पुड्डुचेरी	1
22.	राजस्थान	14
23.	तमिल नाडु	67
24.	तेलंगाना	15
25.	उत्तराखण्ड	5
26.	उत्तर प्रदेश	28
27.	पश्चिम बंगाल	8
	कुल	422

33. अकादमिक सत्र 2021–2022 हेतु वास्तुकला संस्थानों का अनुमोदन :

वास्तुकला परिषद् से अपेक्षा है कि वह वास्तुकला संस्थानों द्वारा प्रदान की जानेवाली मान्यताप्राप्त योग्यताओं हेतु परिषद् द्वारा निर्धारितानुसार न्यूनतम मानकों के अनुरक्षण की निगरानी करे।

अकादमिक सत्र 2021–2022 के दौरान परिषद् ने निम्नानुसार वास्तुकला संस्थानों का अनुमोदन किया :

क) बी.आर्क. पाठ्यक्रम के लिए अनुमोदन का विस्तार	:	402
ख) एम.आर्क. पाठ्यक्रम के लिए अनुमोदन का विस्तार	:	85 (106 पीजी पाठ्यक्रम)
ग) बी.आर्क. पाठ्यक्रम का प्रारंभ	:	13
घ) एम.आर्क. पाठ्यक्रम का प्रारंभ	:	11 (12 पाठ्यक्रम)
ड.) बी.आर्क. पाठ्यक्रम के लिए शून्य प्रवेश वाले संस्थान	:	7
च) एम.आर्क. पाठ्यक्रम के लिए शून्य प्रवेश वाले संस्थान	:	–
छ) समापन की प्रक्रियाधीन वाले संस्थान	:	57

उपरोक्त के साथ, वर्तमान में अकादमिक सत्र 2021–22 के दौरान कुल 422 वास्तुकला संस्थानों को परास्नातक (यूजी) पाठ्यक्रम प्रदान करने तथा 96 संस्थानों को वास्तुकला स्नातकोत्तर (मास्टर) उपाधि पाठ्यक्रम प्रदान करने के लिए अनुमोदित किया गया है।

34. वास्तुकला संस्थानों में बी.आर्क. पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त कर चुके छात्रों को नामांकन संख्या जारी करना

परिषद्, संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर चुके छात्रों को नामांकन संख्या जारी करती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल योग्य छात्रों को परिषद् की स्वीकृत प्रवेश–संख्या के अनुसार प्रवेश प्राप्त हुआ है। परिषद्, संस्थानों द्वारा प्रस्तुत जानकारी के आधार पर ऑनलाइन माध्यम से नामांकन संख्या जारी कर रही है। विगत 5 वर्षों में बी.आर्क. पाठ्यक्रम के छात्रों को परिषद् द्वारा निर्गत नामांकन संख्याओं के वर्षवार विवरण निम्नानुसार हैं :

अकादमिक सत्र	नामांकन के लिए आवेदन कर चुके संस्थानों की संख्या	नामांकित छात्र
2016-2017	400	18891
2017-2018	398	15835
2018-2019	420	18084

2019-2020	411	15590
2020-2021	395	15435
2021-2022	351	11115

इसके बाद, बी.आर्क. पाठ्यक्रम में छात्रों के लिंगवार विवरण निम्नानुसार हैं :

अकादमिक सत्र	छात्र	छात्राएं	ट्रांसजेंडर	कुल
2021-2022	4851	6264	0	11115
2020-2021	7159	8275	1	15435
2019-2020	7429	8160	1	15590
2018-2019	8505	9579	0	18084
2017-2018	7146	8688	1	15835
2016-2017	8949	9941	1	18891

35. वास्तुकला में राष्ट्रीय अभिक्षमता परीक्षा (नाटा) :

